दिन– सोमवार	दिनांक– 20 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।	अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में प्रदेश के पांच लोकसभा क्षेत्रों–सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान जारी।

02. पंचानवे लाख से अधिक मतदाता चिराग पासवान, राजीव प्रताप रूडी, रोहिणी आचार्य, अली अशरफ फातमी और देवेश चंद्र ठाकुर समेत अस्सी प्रत्याशियों के राजनीतिक भाग्य का करेंगे फैसला।

03. छठे और सातवें चरण के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हुआ। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल महाराजगंज और पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

04. और, पूरबा हवा के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में बदलाव। मौसम विभाग ने कहा– आज राजधानी पटना समेत कई स्थानों पर हल्की बारिश के आसार।

---

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में प्रदेश के पांच लोकसभा क्षेत्रों–सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया है। मतदान शाम छह बजे तक चलेगा। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि शांतिपूर्ण माहौल में मतदान चल रहा है। मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही युवा, महिला, बुजुर्ग और दिव्यांग सहित अन्य मतदाताओं की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। सीतामढ़ी से हमारे संवाददाता ने बताया कि मतदान को लेकर मतदाताओं में विशेष उत्साह है।

–––बाईट–––

सीतामढ़ी संसदीय क्षेत्र में 1932 मतदान केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान जारी है। भीषण गर्मी से बचने के लिए कई मतदान केन्द्रों पर मतदान शुरू होने के निर्धारित समय से पहले ही वोटर कतारबद्ध होकर अपनी बाड़ी का इंतजार करते देखे गए। मतदान को लेकर सभी आयु वर्ग के मतदाताओं में उत्सवी जोश देखा जा रहा है। मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था होने और सुरक्षा व्यवस्था चौकस होने से लोग घरों से निकलकर मतदान केन्द्र की तरफ आ रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए सीतामढ़ी से राजेश कुमार।

मधुबनी से हमारे संवाददाता ने बताया कि शांतिपूर्ण माहौल में मतदान जारी है।

–––बाईट–––

मधुबनी लोकसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में मतदान जारी है। पहली बार मतदान करने वाले वोटरों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। पोलिंग बूथों पर पेयजल, शेड, रैम्प और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था भी की गयी है। जिलाधिकारी अरविंद कुमार और पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सुबह सात बजे से मधुबनी जिले के अंतर्गत पड़ने वाले विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंच कर जायजा लेते देखे गए। वहीं दरभंगा जिला अन्तर्गत आने वाले दो विधानसभा केवटी एवं जाले में दरभंगा के जिलाधिकारी राजीव रौशन और पुलिस अधीक्षक बुथों का जायजा ले रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए मधुबनी से आकिल हुसैन।

हमारे मुजफ्फरपुर संवाददाता ने बताया कि मतदान को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

———बाईट———

सारण संसदीय क्षेत्र में भी कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान जारी है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से—

———बाईट———

सारण लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर वोटिंग को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। जिलाधिकारी अमन समीर और पुलिस अधीक्षक गौरव मंगला खुद मतदान केंद्र पहुँच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। सोनपुर, परसा और छपरा क्षेत्रों के दियारा वाले इलाकों में विशेष चौकसी बरती जा रही है। जिला मुख्यालय में बनाए गये नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सभी बूथों की निगरानी की जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए छपरा से पवन कुमार सिंह।

हाजीपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि नौ सौ सड़सठ मतदान केन्द्रों से पूरी मतदान प्रक्रिया की लाइव वेबकास्टिंग की जा रही है।

———बाईट———

---

मतदान के लिए मतदाताओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कुछ मतदाताओं ने आकाशवाणी समाचार के साथ अपने अनुभव साझा किये।

———वॉक्सपॉप———

---

लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के तहत प्रदेश में पंचानवे लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या लगभग पचास लाख और महिला मतदाताओं की संख्या पैंतालीस लाख से अधिक है। वहीं, थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या तीन सौ है। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस चरण में एक लाख छब्बीस हजार एक सौ चौवन मतदाता ऐसे हैं, जो पहली बार मतदान करेंगे।

---

पांचवें चरण के लोकसभा चुनाव के तहत पांच संसदीय क्षेत्रों में छह महिला उम्मीदवारों समेत कुल अस्सी प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इन सभी सीटों पर एनडीए की ओर से भाजपा के तीन और जदयू तथा लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के एक–एक प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं, इंडी गठबंधन में शामिल दल राजद के चार और कांग्रेस के एक प्रत्याशी चुनावी मुकाबले में हैं। बहुजन समाज पार्टी के सबसे अधिक पांच उम्मीदवार चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। पैंतीस निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में हैं। सबसे अधिक छब्बीस प्रत्याशी मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र में हैं, जबकि सबसे कम बारह प्रत्याशी मधुबनी संसदीय क्षेत्र में हैं। इसके अलावा सीतामढ़ी, सारण और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्रों में चौदह–चौदह प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिन उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का फैसला होना है, उनमें एनडीए से भाजपा के राजीव प्रताप रूडी, अशोक कुमार यादव और राजभूषण चौधरी निषाद, जदयू के देवेश चन्द्र ठाकुर तथा लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के चिराग पासवान शामिल हैं। वहीं, इंडी गठबंधन से राजद की रोहिणी आचार्य, अली अशरफ फातमी, शिव चन्द्र राम और अर्जुन राय तथा कांग्रेस के अजय निषाद की चुनावी किस्मत का भी फैसला होगा।

---

निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं। संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में सुरक्षा बलों के पचपन हजार से अधिक कर्मियों की तैनाती की गयी है। चुनाव आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अर्धसैनिक बलों के साथ–साथ जिला पुलिस, होमगार्ड, सैप और बीएमपी के जवानों को भी सुरक्षा में लगाया गया है। ड्रोन, घुड़सवार दस्ते और नाव से भी निगरानी की जा रही है। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए दरभंगा में दो एयर एम्बुलेंस को भी तैनात रखा गया है। इधर, मतदान को देखते हुए जिलों की सीमाओं को सील कर दिया गया है।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि लोग मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र के साथ–साथ बारह वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्रों का उपयोग कर सकेंगे। इन पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, ड्राईविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड और पासपोर्ट शामिल हैं।

---

पांचवें चरण के चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने पटना में राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। यह नियंत्रण कक्ष मतदान समाप्ति तक काम करेगा। लोग नियंत्रण कक्ष के टेलिफोन नम्बर – **शून्य छह एक दो दो दो एक सात छह शून्य एक** और **शून्य छह एक दो दो दो एक सात छह शून्य दो** या फैक्स नम्बर – **शून्य – छह – एक – दो – दो – दो – एक – सात – पांच – नौ – सात** पर अपनी शिकायत या किसी अन्य प्रकार की सूचना दे सकते हैं। इसके अलावा ई–मेल आईडी– सीईओ बिहार एट जीमेल डॉट कॉम पर भी शिकायतें भेजी जा सकती हैं।

---

प्रदेश में छठे और सातवें चरण के लिए चुनाव प्रचार अभियान जोर–शोर से जारी है। जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज वाल्मिकीनगर और सीवान में एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील करेंगे। वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज वैशाली और आरा लोकसभा क्षेत्रों में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। दूसरी तरफ, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी का आज पूर्वी चंपारण, शिवहर, वाल्मिकीनगर, गोपालगंज और वैशाली लोकसभा क्षेत्रों में संयुक्त रूप से इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित करने का कार्यक्रम है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंच रहे हैं। पटना पहुंचने के बाद श्री मोदी भाजपा के दिवंगत नेता सुशील कुमार मोदी के राजेन्द्र नगर स्थित आवास जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद श्री मोदी भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। वे राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। कल प्रधानमंत्री महाराजगंज और पूर्वी चम्पारण लोकसभा क्षेत्रों से एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। श्री मोदी की सभा सीवान के गोरियाकोठी और मोतिहारी के गांधी मैदान में आयोजित होगी।

---

पूरबा हवा के प्रभाव से राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों के मौसम में अचानक बदलाव हुआ है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि कल देर रात अररिया, किशनगंज, पूर्णियां, सुपौल, सहरसा और मधेपुरा में तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुयी है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश की संभावना है। वहीं, राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में कुछ स्थानों पर गर्म दिवस की चेतावनी जारी की गयी है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान लगभग पैंतालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने पांचवें चरण के मतदान से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** लिखता है– बिहार में पांचवें चरण की पांच सीटों पर आज होगा मतदान।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है– हाजीपुर समेत पांच सीटों पर आज मतदान। चिराग के साथ सारण से रोहिणी के भाग्य का भी फैसला।

**दैनिक भास्कर** ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान को प्रमुखता देते हुए लिखा है– लालू जी किसका आरक्षण काटकर मुसलमानों को पूरा का पूरा देंगे।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– दो दिवसीय दौरे पर आज शाम बिहार आयेंगे पीएम मोदी।

**राष्ट्रीय सहारा** लिखता है– मॉनसून के इकतीस मई तक केरल पहुंचने की उम्मीद।

**दैनिक आज** ने लिखा है– राज्यकर्मी बनने को काउंसलिंग दूसरी सक्षमता के बाद।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में प्रदेश के पांच लोकसभा क्षेत्रों–सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान जारी।

02. पंचानवे लाख से अधिक मतदाता चिराग पासवान, राजीव प्रताप रूडी, रोहिणी आचार्य, अली अशरफ फातमी और देवेश चंद्र ठाकुर समेत अस्सी प्रत्याशियों के राजनीतिक भाग्य का करेंगे फैसला।

03. छठे और सातवें चरण के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हुआ। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल महाराजगंज और पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

04. और, पूरबा हवा के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में बदलाव। मौसम विभाग ने कहा– आज राजधानी पटना समेत कई स्थानों पर हल्की बारिश के आसार।

---

**इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।**